Bareilly, Sunday, 16 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

Page No : 6 Middle

'कैंसर बड़ी चुनौती, उपचार संभव'

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रेडियोबायोलाजी पर हुई वर्कशाप

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (15 April): इंडियन कालेज आफ रेडिएशन ओंकोलाजी और एसोसिएशन आफ रेडिएशन ओंकोलाजिस्ट आफ इंडिया की एकेडेमिक विंग की ओर से एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रेडियोबायोलाजी पर वर्कशाप हुई. नार्थ जोन की इस वर्कशाप में उत्तर भारत के सात राज्यों में संचालित 20 मेडिकल कालेजों के ओंकोलाजी के पीजी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. सुबह नौ बजे से आरंभ हुई वर्कशाप में एसोसिएशन आफ रेडिएशन ओंकोलाजिस्ट आफ इंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट और कोर्स डायरेक्टर डॉ. मनोज गुप्ता ने रेडियोबायोलाजी से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी.

संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने किया सम्मानित.

एक्सपर्ट रहे मौजूद

डॉ. मनोज ने कहा कि जिस तेजी से कैंसर बढ़ रहा है उतनी तेजी से मरीजों के इलाज के लिए हमको भी आगे बढ़ना होगा. मेडिकल कालेजों में ओंकोलाजी विभाग होना बेहद जरूरी है. देश में लगभग 650 मेडिकल कालेज हैं लेकिन इनमें से सिर्फ दो सौ में ही यह विभाग संचालित है. उत्तर प्रदेश में एसआरएमएस मेडिकल कालेज ही एक मात्र प्राइवेट संस्थान है जहां पर ओंकोलाजी में पीजी कोर्स उपलब्ध है. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने कैंसर को बड़ी चुनौती बताया. उन्होंने कहा कि कैंसर बड़ी चुनौती जरूर है लेकिन इसका पूरी तरह उपचार संभव है. पिछले दस वर्ष से एसआरएमएस मेडिकल कालेज में उपचार कराने वाले हजारों मरीज कैंसर को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं. कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पियूष कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया. प्रिंसिपल एयर मार्शल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. आयुष गर्ग, मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डॉ. अरविंद चौहान, डॉ. पवन मेहरोत्रा, डॉ. राशिका सचान और पीजी विद्यार्थी उपस्थित रहे.